हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 13 मार्च 2026

06 फिर ठगा किसान...महंगा सरकारी बीज, लेकिन बालियां निकलीं सूखी

07 गैस उपभोक्ताओ ने गैस एजेंसी पर किया हंगामा...







## खबर संक्षेप

### मुनि श्री क्षमासागर महाराज के समाधि दिवस पर विनयांजलि सभा आज

**सागर।** मुनि श्री क्षमा सागर महाराज के 11वां समाधि दिवस पर मैत्री समूह, जैन भ्रातृ संघ एवं सकल दिगंबर जैन समाज सागर के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम 13 मार्च शुक्रवार को प्रार्थना सभा एवं स्मरण -प्रातः 7:00 बजे से किया जा रहा है। जैन भ्रात संघ के मंत्री अशोक शाह के अनुसार सुबह समाधि स्थल भाग्योदय तीर्थ के पास, दोपहर दो बजे से विधान का वाचन एवं शाम 7:00 बजे से आध्यात्मिक विनयांजलि (आत्मीय संगीत) श्री गौरा बाई दिगंबर जैन मंदिर कटरा नमक मंडी मे होगा।

### घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग करने पर कार्रवाई

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशानुसार बंडा क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग पर सख्त कार्रवाई की गई। एसडीएम रविश श्रीवास्तव के नेतृत्व में तहसीलदार मोहित जैन की टीम ने होटल और विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान कई दुकानों और होटलों में घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग व्यावसायिक कार्यों में किया जाता पाया गया। कार्रवाई के दौरान कुल 08 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए।

### संभाग स्तरीय कार्यशाला आज, बाल श्रम उन्मूलन पर होगा मंथन

**सागर।** बाल एवं कुमार श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 तथा बंधक श्रम प्रथा (समाप्ति) अधिनियम, 1976 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संभाग स्तरीय स्टेट एक्शन प्लान कार्यशाला का आयोजन 13 मार्च शुक्रवार को सागर में किया जाएगा। यह कार्यशाला होटल वरदान, सिविल लाइन सागर में आयोजित होगी। कार्यशाला में बाल श्रमिकों की पहचान, विमुक्ति एवं पुनर्वास से संबंधित प्रावधानों के साथ-साथ अधिनियम के प्रभावी प्रवर्तन तथा बंधक श्रम प्रथा उन्मूलन के उपायों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इसके अतिरिक्त संबंधित कानूनों के व्यापक प्रचार-प्रसार और समन्वित कार्रवाई पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः 10:30 से 11:00 बजे तक पंजीकरण किया जाएगा। इसके पश्चात 11:00 बजे से 01:30 बजे तक कार्यशाला का आयोजन होगा, जिसमें यूनिसेफ से आए विशेषज्ञ द्वारा चाइल्ड लेबर एक्शन प्लान पर विस्तृत प्रस्तुति एवं चर्चा की जाएगी।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च

**सागर।** म.प्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सागर एम. के. शर्मा के मार्गदर्शन में दिनांक 14 मार्च शनिवार को जिला न्यायालय, परिवार न्यायालय एवं समस्त तहसील न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जावेगा। उक्त नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित प्रकरणों में आपराधिक शमनीय प्रकरण, पराक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक / मनी रिकवरी संबंधी मामले, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण, श्रम एवं रोजगार विवाद प्रकरण, विद्युत एवं जल कर/बिल संबंधी (सिर्फ शमनीय प्रकरण), वैवाहिक प्रकरण, दीवानी इत्यादि मामलों एवं प्रीलिटिगेशन (मुकदमा पूर्व) के अंतर्गत पराक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, ई-ट्रेफिक चाालान संबंधी प्री-लिटिगेशन प्रकरण, मनी रिकवरी संबंधी मामले, संबंधी मामले, विद्युत एवं जल कर/बिल संबंधी (सिर्फ शमनीय प्रकरण), दूरसंचार के बकाया लैण्डलाईन/ मोबाइल बिल संबंधी प्रकरण, आपराधिक शमनीय प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण, दीवानी इत्यादि मामलों में पक्षकारों की आपसी सहमति से सौहार्दपूर्ण वातावरण में प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा।

---

#### सागर जिले के केसली थाना अंतर्गत खमरिया गांव की घटना

# मां ने 4 मासूम बच्चियों को कुएं में फेंककर आत्महत्या की घटना में पांचों की मौत, काम के सिलसिले में बाहर था पति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सागर जिले के केसली थाना क्षेत्र के नन्ही देवरी खमरिया गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक महिला ने अपनी चार मासूम बेटियों को कुएं में फेंकने के बाद खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पूरे गांव में शोक और सनसनी का माहौल है। मामले की जानकारी गुरुवार दोपहर में सामने आई, जिसके बाद पुलिस और प्रशासन में हड़कंप मच गया।



### मृतका और बच्चियों की पहचान

पुलिस के अनुसार मृतका की पहचान सविता बाई (28) पत्नी चंद्रभान लोधी के रूप में हुई है। महिला ने कथित रूप से बुधवार देर रात अपनी चारों बेटियों को घर के पास स्थित कुएं में फेंक दिया।बच्चियों की पहचान इस प्रकार हुई हैः अंशिका (7 वर्ष), रक्षा (5 वर्ष), दीक्षा (3 वर्ष), मनीषा (5 माह) इसके बाद महिला ने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

ग्रामीणों के अनुसार घटना के समय महिला का पति चंद्रभान लोधी मजदूरी के सिलसिले में गांव से बाहर गया हुआ था। घर में उसकी सास और ननद मौजूद थीं, जो उस समय सो रही थीं। उन्हें घटना की भनक तक नहीं लगी।

### गुरुवार को सामने आई घटना

बताया जा रहा है कि गुरुवार को जब गांव के लोगों को घटना की जानकारी मिली तो इलाके में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही केसली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

### कुएं से मिले तीन बच्चियों के शव

पुलिस और ग्रामीणों की मदद से कुएं में तलाशी अभियान चलाया गया। अब तक तीन बच्चियों के शव कुएं से बरामद कर लिए गए हैं, जबकि पांच माह की मासूम बच्ची मनीषा की तलाश जारी है। तलाशी के लिए ग्रामीणों और पुलिस की संयुक्त टीम लगातार प्रयास कर रही है।

### पुलिस ने शुरू की जांच

पुलिस ने मौके पर पंचनामा कार्रवाई कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी शुरू कर दी है। फिलहाल महिला ने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया, इसका कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### पुलिस का कहना है कि

परिवार और ग्रामीणों से पूछताछ की जा रही है महिला के मानसिक तनाव, पारिवारिक विवाद या अन्य कारणों की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद ही घटना के पीछे की वास्तविक वजह सामने आ सकेगी।

### गांव में शोक का माहौल

इस हृदय विदारक घटना से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। चार मासूम बच्चियों की मौत और महिला की आत्महत्या ने ग्रामीणों को झकझोर कर रख दिया है। हर कोई यह सोचकर हैरान है कि आखिर ऐसी क्या परिस्थिति रही होगी, जिसने मां को इतना बड़ा कदम उठाने पर मजबूर कर दिया।

---



## शिकायत पर कार्रवाई न होने से नाराज़ व्यक्ति ने कलेक्टर गेट पर की आत्मदाह की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कलेक्टर कार्यालय गेट पर गुरुवार दोपहर एक युवक ने आत्मदाह करने की कोशिश की। वह पेट्रोल से भरी बोतल लेकर आया था। पुलिस ने देखा तो उसका पीछा कर उसे पकड़ लिया और मोतीनगर थाने ले गई। युवक का आरोप है कि मोतीनगर पुलिस द्वारा मारपीट के मामले में सुनवाई नहीं कर रही है और उनके खिलाफ झूठी एफआईआर दर्ज कर दी गई। सुनवाई नहीं होने के विरोध में उन्होंने यह कदम उठाया।

जानकारी के अनुसार, जतिन पटवा निवासी बाघराज कॉलोनी पत्नी रचना पटवा समेत अन्य लोगों के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंचे थे। जतिन पेट्रोल से भरी बोतल लेकर आए। पुलिस ने रोकने की कोशिश की, लेकिन जतिन दौड़कर भागे। पुलिस ने पीछा कर जतिन को पकड़ लिया और पेट्रोल की बोतल छीन ली। पत्नी रचना पटवा ने बताया कि 13 फरवरी की रात जतिन किराना दुकान से घर लौट रहे थे। कुछ कॉलोनीवासियों ने उन्हें रोककर गाली-गलौज और मारपीट की। आवाज सुनकर रचना बीच-बचाव करने गई तो उसके साथ भी मारपीट हुई। ससुर और परिवार के अन्य सदस्य भी घायल हुए। घटना के बाद परिवार अस्पताल गया, जहां जतिन और ससुर को गंभीर चोटों के कारण भर्ती किया गया। मोतीनगर थाने में शिकायत करने पर भी सुनवाई नहीं हुई और उनके खिलाफ झूठी एफआईआर दर्ज कर दी गई। रचना ने निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

## तार फेंसिंग तोड़ते बेकाबू होकर खेत में घुसा हार्वेस्टर, चालक को नींद लगने से हादसा

**खुरई।** खुरई-बीना रोड पर निर्तला के पास बुधवार रात एक हार्वेस्टर अनियंत्रित होकर खेत में घुस गया। चालक को नींद की झपकी आने के कारण हादसा हुआ। घटना में हार्वेस्टर चालक और उसका सहयोगी बाल-बाल बच गए, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। यह घटना तब हुई जब हार्वेस्टर खुरई से बीना की ओर जा रहा था। चालक को अचानक नींद आ गई और वाहन सड़क किनारे लगे पेड़ और सुदीप दुबे के खेत की तार फेंसिंग तोड़ते हुए खेत में जा पहुंचा। प्रत्यक्षदर्शी शिवराज राय ने बताया कि हार्वेस्टर के अनियंत्रित होने के बाद वह सीधे खेत में जा घुसा। गनीमत रही कि उस समय सड़क पर कोई अन्य वाहन नहीं था, अन्यथा एक गंभीर दुर्घटना हो सकती थी। यदि यह घटना दिन के समय होती तो इसके परिणाम और भी भयावह हो सकते थे।



## 8 प्रतिष्ठानों से 17 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

**खुरई।** युद्ध के बीच खुरई में घरेलू गैस की किल्लत का असर दिखने लगा है, कमर्शियल गैस सिलेंडर मिलना बंद हो गए। जिस कारण कुछ लोगों ने घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग शुरू कर दिया है। कमर्शियल कार्य में घरेलू गैस के उपयोग को लेकर राजस्व, खाद्य और पुलिस विभाग ने संयुक्त रूप से घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग करने वाले प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की। टीम ने गोविंद भोजनालय, महावीर भोजनालय, बीकानेर स्वीट्स, भाग्योदय चाट, मिलन होटल, उपसरपंच चाय, घनश्याम चाय, जैन टी स्टाल सहित 8 प्रतिष्ठानों से 17 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए। एसडीएम मनोज चौरसिया ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर इस प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। कालाबाजारी करने वालों पर निरंतर कार्रवाई की जाएगी।

---



## नेशनल लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु रवाना किये गये प्रचार वाहन

**गढाकोटा।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर एवं माननीय महेश कुमार शर्मा, प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष महोदय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सागर के निर्देशानुसार 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सुनिश्चित किये जाने हेतु गुरुवार के दिन सिविल न्यायालय परिसर गढ़ाकोटा से प्रचार वाहनों को अम्बर श्रीवास्तव व्यवहार न्यायाधीश, जमील कुरैशी अध्यक्ष,अधिवक्ता संघ गढ़ाकोटा एवं अधिवक्तागण द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। यह प्रचार वाहन नेशनल लोक अदालत के लाभों एवं अहमियत के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए तहसील गढाकोटा अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण करेंगे, जिससे लोग उक्त अवसर का लाभ उठाकर अपने झगड़ों को शीघ्र,कम खर्च में और आपसी सहमति से सुलझा सके। उक्त अभियान का उद्देश्य लोगों को यह बताना है कि सिविल मामले,कंपाउंडेबल क्रिमिनल केस, बैंक रिकवरी केस, संपत्ति कर पानी के बिल, वैवाहिक मामले एवं अन्य लंबित मामलों को नेशनल लोक अदालत में आपसी सहमति से सुलझाया जा सकता है। उक्त अवसर पर अम्बर श्रीवास्तव व्यवहार न्यायाधीश/अध्यक्ष महोदय, तहसील विधिक सेवा समिति गढ़ाकोटा, जमील कुरैशी अध्यक्ष अधिवक्ता संघ गढ़ाकोटा अधिवक्तागण, न्यायिक कर्मचारीगण एवं नगर पालिका के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## श्री मज्जिनेन्द्र पंचकल्याण प्रतिष्ठा व गजरथ महोत्सव गढाकोटा में 16 से 21 मार्च तक

**गढ़ाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा प्राचीन अतिशय क्षेत्र पटेरिया जी घुनघुनीया मंदिर पर सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा आयोजित आगामी 16 मार्च से 21 मार्च तक आयोजित होने वाली श्री मज्जिनेन्द्र पंचकल्याण प्रतिष्ठा एवं गजरथ महोत्सव को लेकर युवा भाजपा नेता पं. अभिषेक भार्गव एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी के द्वारा विभिन्न व्यवस्थाओं और तैयारियों का निरीक्षण किया। साथ ही गजरथ रथ निकलने वाले नगर के विभिन्न मार्गों पर आवश्यक साफ सफाई आदि की व्यवस्था के लिए मनोज तिवारी ने यथायोग्य निर्देश दिए। साथ ही कहा कि श्री मन्जिनेन्द्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा एवं गजरथ महोत्सव जैन धर्म का एक अत्यंत पवित्र और भव्य धार्मिक अनुष्ठान है,जो नवनिर्मित जिनालय में भगवान की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा के लिए आयोजित किया जाता है। इसमें तीर्थंकर के जीवन के पाँच मुख्य कल्याणकों-गर्भ,जन्म,तप, ज्ञान और मोक्ष का विधि-विधान से पूजन होता है।



## होटल क्राउन पैलेस का कलेक्टर-एसपी ने किया औचक निरीक्षण

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर और पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल ने मंगलवार होटल क्राउन पैलेस का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान मुख्य रूप से गैस सिलेंडरों के उपयोग का जायजा लिया गया। सिलेंडरों के सघन निरीक्षण में सब नियमों के दायरे में मिला कोई भी अवैध घरेलू सिलेंडर नहीं पाया गया। होटल संचालक ने बताया कि वर्तमान में उनके पास व्यावसायिक सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। आवश्यकता पड़ने पर उन्होंने इलेक्ट्रिक भट्टी, डीजल भट्टी का आर्डर दिया है तथा लकड़ी भट्टी का भी निर्माण शुरू कराया है। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट श्री अमन मिश्रा मौजूद थे।



---

#### भारतीय ज्ञान परम्परा में भाषा, साहित्य एवं संस्कृति विषय दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी समापन

# जिस प्रतिभा के बल पर भूत, भविष्य और वर्तमान को एकाकार कर सकते हैं वहीं भारतीय ज्ञान परम्परा हैः प्रो.बाल कृष्ण शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के संस्कृत विभाग द्वारा रंगनाथन भवन में "भारतीय ज्ञान परम्परा में भाषा, साहित्य एवं संस्कृति" विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के समापन सत्र का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, पुष्प अर्चन एव सरस्वती वंदना के साथ किया गया। आयोजन समिति के द्वारा अतिथियों का सत्कार किया गया । समापन सत्र के इस अवसर पर मंच पर विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय की कुलानुशासक प्रो.चंदा बेन, सारस्वत अतिथि के रूप में प्रो. दिवाकर राजपूत निदेशक, अकादमिक मामले, मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. बालकृष्ण शर्मा शासकीय महाविद्यालय ग्वालियर उपस्थित रहे। राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन सत्र की अध्यक्षता भाषा अध्ययन शाला की अधिष्ठाता प्रो.रश्मि सिंह ने की । मंच का संचालन संस्कृत विभाग के सहायक आचार्य डॉ. शशि कुमार सिंह ने किया। दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का सार संक्षेप में सहायक आचार्य संस्कृत विभाग एवं संगोष्ठी के आयोजन सचिव डॉ. रामहेत गौतम ने प्रस्तुत किया ।



विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो.चंदा बेन, (कुलानुशासक) ने भारतीय ज्ञान परम्परा में जो श्रेष्ठ है उसकी चर्चा हमरे वेड वेदांगों में की गयी है । जब हम पाली, प्राकृत की चर्चा करते हैं, तो हमें बुद्ध की भी चर्चा करनी होगी । उनसे हमें करुणा, दया और समानता सीखनी होगी। आज का परिवेश डगमगा रहा है भक्ति कल में जब मुगलों का शासन था। तब निर्गुण और सगुण दोनों विचारको के लिए उपासना के द्वार खुले थे। आचार्य रामचंद्र शुक्ल को आकाश धर्मागुरु कहते है उनके शिष्य निर्गुण और सगुण परम्परा के भी थे। भारतीय ज्ञान परम्परा में सभी की बात होनी चाहिए। आज चार्वाक भी हमें अपनी जीवन शैली में दिखाई देता है । आज हमें उस प्रकार के आचार्य और धर्म की जरुरत है जो हमें एक साथ ला सके । हम समाज को सही रूप में स्थापित कर सकें । सारस्वत आतिथि के रूप में उपस्थित प्रो.दिवाकर सिंह राजपूत ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा प्रज्ञा प्रवाह पर निर्भर करती है क्योंकि भारतीय ज्ञान की आत्मा प्रज्ञा में निहित है प्रज्ञा व्यक्तित्व का निर्माण करने को एक दिशा देती है भारतीय ज्ञान में जब हम चिन्तन करते है तो शब्द चाहिए । संस्कृत भाषा ही नही है बल्कि व्यक्तित्व निर्माण को भी गति और दिशा देती है । साहित्य के रूप में क्या हो ,क्यों हो ,कैसा हो, चाहे वे वाचिक हों या कायिक, सबका सरक्षण भाषा करती है । संस्कृति उसका अनुसरण करती है । विचार संगोष्ठी में हमने क्या पाया, क्या किया, यह पता चलता है चलने, बोलने, खाने, लिखने, पढने से ,यही हम सीखते है यही संस्कृति है ।

प्रो.बाल कृष्ण शर्मा ने अपने वक्तब्य में कहा कि परम्परा अपने आप में इस बात की सूचक है की अदि से लेकर वर्तमान तक चलना है । हम कार्य से भी अपनी निष्ण प्रकट कर सकते है यही जीवन की परम्परा है । हमारे यहाँ पुनर्जन्म की अवधारणा है हमें जो मिलता है वह पूर्व जन्म का प्रतिफल है । यहाँ एक जन्म की कथा नही की जाती है बल्कि कई जन्मों की कथा की जाती है । यही भारतीय परम्परा है । जिस प्रतिभा के बल पर भूत ,भविष्य और वर्तमान को एकाकार कर सकते हैं वही भारतीय ज्ञान परम्परा है । व्यक्तिनिष्ठ और वस्तुनिष्ठ को एक रूप में ज्ञान परम्परा में समाहित करते हैं । जब वेदों से लेकर आज तक के साहित्य की बात की जाती है तो यह वस्तुनिष्ठ है और ऋषि से लेकर वर्तमान तक के आचार्य आप्त पुरुषों की बात व्यक्तिनिष्ठ हैं । जो दिखाई नहीं दे रहा हो, मुक्त हो, वह मंत्र है। रहस्यों को प्रत्यक्ष करने वाला वह ऋषि है । मंत्र विज्ञान है । भाषा, साहित्य, संस्कृति का क्रम सुविचारित है । भाषा बिना किसी भेदभाव के हर बच्चे को मिल जाती है यही हमारी सबसे अच्छी निधि है । भाषा हमें निरायास मिलती है । बालक जन्म लेता है तो भाषा ही हमें पदार्पण करती है । जब भाषा को सुंदर बनाते हैं तो वह साहित्य की ओर कदम रखकर प्रविष्ट हो जाती है । मन बुद्धि अहंकार से जो कार्य करते हैं वह संस्कृति है । हमें अतीत से वर्तमान तक जोड़ने का काम भाषा साहित्य और संस्कृति करती है। मल्लिनाथ ने कहा है न अधिक बोलना है न कम बोलना है। व्यक्तिनिष्ठ पांच शब्द हैं ऋषि, महर्षि, मुनि, आचार्य, आप्त पुरुष इन्हीं पांच शब्दों में भारतीय ज्ञान परंपरा समाहित है। भारतीय ज्ञान परंपरा की कोई सीमा नहीं है आदि विहारों के माध्यम से अपने बात सभ के समक्ष रखी।

## खुरई नगर पालिका में महिला सफाईकर्मियों हेतु स्वास्थ्य व सुरक्षा शिविर का किया गया आयोजन

**खुरई।** नगर पालिका परिषद क्षेत्र में महिला सफाईकर्मियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) राजेश मेहतेले ने स्पष्ट किया कि सफाई मित्रों के स्वास्थ्य और उनकी सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उपयंत्री शैलेंद्र सिंह और स्वच्छता पर्यवेक्षक नीतेश श्रीवास्तव ने शिविर आयोजन की समीक्षा करते हुए विधिवत संचालन के निर्देश संबंधितों को दिए। शिविर में नगर पालिका की आईईसी टीम के समन्वयक अरूण नागौर एवं टीम के सदस्यों ने समन्वय और व्यवस्थापन की जिम्मेदारी निभाई। इस अवसर पर विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. नीतेश दुबे ने महिला सफाईकर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और आवश्यक परामर्श प्रदान किया। इस शिविर का उद्देश्य महिला सफाईकर्मियों के स्वास्थ्य की नियमित जांच, उनके कार्यस्थल पर सुरक्षा उपायों का प्रशिक्षण और व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों के उपयोग के महत्व को समझाना था। सीएमओ राजेश मेहतेले ने कहा कि नगर पालिका ऐसे स्वास्थ्य और सुरक्षा शिविर नियमित अंतराल पर आयोजित करेगी ताकि सफाई कर्मीयों के स्वास्थ्य की देखभाल सुनिश्चित की जा सके। कार्यक्रम में सफाईकर्मियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और चिकित्सकीय परीक्षण व परामर्श का लाभ उठाया। आईईसी टीम द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य जागरूकता सामग्री और सुरक्षा उपकरणों का वितरण भी किया गया।नगर पालिका परिषद खुरई की इस पहल से यह संदेश स्पष्ट होता है कि महिला सफाईकर्मियों का स्वास्थ्य और सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है और उनके सम्मान व सुरक्षा के लिए हर संभव कदम आगे भी उठाए जाते रहेंगे।

## गैस एजेंसी संचालकों के साथ की बैठक

**सागर।** जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की उपलब्धता और सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर संदीप जी आर ने गैस एजेंसी संचालकों के साथ बैठक लेकर स्थिति की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने जिले में गैस सिलेंडरों की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था और उपभोक्ताओं को समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की। कलेक्टर संदीप जी आर ने निर्देश दिए कि गैस सिलेंडरों की आपूर्ति में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आनी चाहिए तथा उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि गैस एजेंसियां एक विशेष सिस्टम बनाकर सिलेंडरों की नियमित आपूर्ति बनाए रखें।

### गेहूं एचआई -1655 पर उठे सवाल, कृषि विभाग से की कार्रवाई की मांग

# फिर ठगा किसान...महंगा सरकारी बीज, लेकिन बालियां निकलीं सूखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़ागांव धसान

जिले में गेहूं के सरकारी बीज को लेकर किसानों की चिंता अब खुलकर सामने आने लगी है। ग्राम रानीपुरा निवासी किसान हरचरण यादव ने कृषि विभाग के अधिकारियों को लिखित आवेदन देकर आरोप लगाया है कि



एचआई -1655 फाउंडेशन किस्म का गेहूं बीज खेतों में अपेक्षित परिणाम नहीं दे रहा है। किसान हरचरण ने अपने आवेदन में बताया है कि इस बीज को बोने के बाद फसल की बढ़वार संतोषजनक नहीं दिखाई दे रही है और उत्पादन प्रभावित होने की आशंका बढ़ती जा रही है। पीड़ित किसान हरचरण ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कृषि विभाग से जांच कराने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### महंगे दाम पर खरीदे गए बीज ने भी दिया धोखा

किसान हरचरण द्वारा कृषि विभाग के अधिकारी को दिए गये आवेदन में बताया गया कि विकासखंड स्तर पर बीज़ फार्म क्रमांक 4 से उन्हें एचआई -1655 फाउंडेशन (1) किस्म का गेहूं बीज उपलब्ध कराया गया था। यह बीज 40 किलो की बोरी में लगभग 4 हजार 720 रुपये की दर से दिया गया। अच्छी पैदावार की उम्मीद में किसानों ने यह बीज खरीदा और अपने खेतों में बोया, शुरुआत में फ़सल तो बेहतर दिख रही थी लेकिन ज़ब फ़सल पकने पर आई तब फसल की स्थिति देखकर किसान निराश नजर आ रहे हैं।

### खेतों में कमजोर तना बालियों पर असर

किसानों का कहना है कि फसल बढ़ने के साथ ही कई खेतों में पौधों का तना कमजोर दिखाई दे रहा है और कई स्थानों पर बालियां भी ठीक से विकसित नहीं हो पा रही हैं।



**मौसम की मार, बढ़ती लागत और अब अमानक बीज पर किसानों ने उठाया बड़ा सवाल**

किसानों का कहना है कि खेती पहले ही मौसम की मार और बढ़ती हुई लागत से जूझ रही है। ऐसे में यदि महंगे दामों पर खरीदा गया बीज भी अपेक्षित परिणाम न दे तो किसान आखिर जाए तो जाए कहाँ। किसानों ने सवाल उठाया है कि अगर महंगा बीज भी इस तरह अमानक प्रदर्शन करेगा तो किसान किस पर भरोसा करें और बीज आखिर किससे लें? इस नुकसान की जिम्मेदारी कौन लेगा? किसानों का कहना है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करके ही सच्चाई को सामने लाया जा सकता है।

### हरा रहा पौधा, लेकिन सूख गईं बालियां

किसान हरचरण के बताये अनुसार एचआई -1655 सरकारी बीज बोने के बाद गेहूं का तना और पौधा पूरी तरह हरा-भरा दिखाई दे रहा है, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से बालियां सूखने लगीं। इस स्थिति को देखकर किसान बेहद चिंतित हैं, क्योंकि यदि बालियां ही सूख जाएं तो उत्पादन पर सीधा असर पड़ता है। किसानों का कहना है कि इतनी महंगी लागत लगाने के बाद इस तरह की स्थिति बनना बेहद निराशाजनक है। ऐसी स्थिति में होने बाले नुकसान की भरपाई किसान कैसे कर पायेगा। किसानों ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने महंगे दाम पर बीज खरीदकर पूरी उम्मीद के साथ खेती की थी। यदि महंगा बीज भी इस तरह निराश करेगा तो खेती का जोखिम और बढ़ जाएगा। इसलिए प्रशासन को इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप कर सच्चाई सामने लानी चाहिए।

फ़सल की बालियां पकने के पहले ही सूखने लगी है। जबकि पौधा हरा दिख रहा है। फ़सल में पानी भी भरपूर दिया गया और मिट्टी की नमी का भी ख्याल रखा गया। किसानों के मुताबिक फरवरी माह में अचानक मौसम परिवर्तन के साथ-साथ बीज की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। यदि यही स्थिति बनी रही तो इस बार उत्पादन में भारी गिरावट आ सकती है।

किसानों का कहना है कि खेती में पहले ही लागत लगातार बढ़ रही है। बीज, खाद और सिंचाई पर भारी खर्च करने के बाद यदि फसल उम्मीद के मुताबिक न मिले तो किसान की पूरी मेहनत और पूंजी पर पानी फिर जाता है। ऐसे में महंगे बीज से भी संतोषजनक परिणाम न मिलने की शिकायत किसानों की चिंता को और बढ़ा रही है। जबकि सरकार द्वारा किसानो को उच्च पैदावार और बेहतरीन मानक बीज देने के बहाने महंगा बीज भी दिया जा रहा। लेकिन उक्त सरकारी बीज़ ने भी धोखा दे दिया। ऐसी स्थिति में किसान चिंतित होकर सोच रहें है कि ज़ब सरकारी महंगे बीज की स्थिति ऐसी है तो अब किसान कहाँ जाये।

### जांच टीम बनाकर खेतों का निरीक्षण कराने की मांग

शिकायतकर्ता किसान हरचरण ने कृषि विभाग को आवेदन देकर मांग करते हुए कहा है कि उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच टीम गठित की जाये। एबं खेतों का स्थल निरीक्षण कराया जाए और बीज की गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच की जाए। यदि जांच में किसी प्रकार की लापरवाही या गड़बड़ी सामने आती है तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसानों को इस तरह की समस्या का सामना न करना पड़े। जिससे किसान स्वयं को ठगा सा महसूस न करे।

### हादसों का अड्डा बना चाट-चौपाटी तिराहा

# बाल-बाल बचाव की फिर बनी खबर दमकल के नीचे घुसी बाइक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

यातायात पुलिस सहित जिम्मेदार विभागीय प्रशासनिक अधिकारियो की उदासीनता व लापरवाह कार्यप्रणाली के चलते एक बार पुनः एक युवक की बाल बाल बचने बाली खबर तब बन गईं। ज़ब निरंतर दुर्घटनाओ के लिये खतरनाक साबित हो चुके चाट चौपाटी तिराहा पर एक युवक की बाईक फायर ब्रिगेड वाहन के नीचे घुस गईं। हालाँकि उक्त हादसे में युवक की जान बच गईं। युवक को मामूली चोटे आई है। ईदगाह मार्केट के सामने स्थित तिराहे पर अक्सर दुर्घटनाये होती रहती है लेकिन प्रशासन ने इन दुर्घटनाओ पर अंकुश लगाने के लिये कोई ठोस कदम या उपाय नहीं किया।

शहर के व्यस्ततम क्षेत्रों में शामिल ईदगाह मार्केट के सामने गुरुवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। फायर ब्रिगेड की गाड़ी के साथ हुई दुर्घटना में एक बाइक अचानक दमकल के नीचे आ गई, जिससे मौके पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। यह वही स्थान है जो अब लगातार हो रही दुर्घटनाओं के कारण शहर में ‌दुर्घटना स्थल की पहचान बनता जा रहा है। इसके बावजूद अब तक यहां दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कोई ठोस और प्रभावी सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए हैं, जो प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, फायर ब्रिगेड की गाड़ी सड़क से गुजर रही थी तभी अचानक एक बाइक उसके नीचे आ गई। घटना इतनी अचानक हुई कि आसपास मौजूद लोग घबरा गए और तुरंत मदद के लिए दौड़ पड़े। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दमकल के नीचे फंसी बाइक को बाहर निकाला। दुर्घटना में बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि बाइक सवार को मामूली चोटें आईं। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार किया गया। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और वहां जमा भीड़ को हटाकर स्थिति को नियंत्रित किया। कुछ देर तक घटनास्थल पर लोगों की भीड़ लगी रही, हालांकि बाद में स्थिति सामान्य हो गई।

ईदगाह मार्केट के सामने का यह क्षेत्र पहले भी कई छोटी-बड़ी दुर्घटनाओं का गवाह बन चुका है। सड़क की अव्यवस्थित व्यवस्था, भीड़भाड़ और यातायात नियंत्रण के अभाव के कारण यहां हमेशा खतरे की स्थिति बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक यहां ट्रैफिक प्रबंधन, चेतावनी संकेत, स्पीड ब्रेकर या अन्य सुरक्षा उपाय नहीं किए जाते, तब तक इस तरह की घटनाएं कभी भी बड़े हादसे का रूप ले सकती हैं। उक्त घटना एक बार फिर प्रशासन को आईना दिखा गईं कि हादसों की पहचान बन चुके स्थानों को सुरक्षित बनाने के लिए ठोस कदम कब उठाए जाएंगे। अगर समय रहते सुधार नहीं किया गया, तो अगली घटना शायद इतनी सौभाग्यशाली न हो कि सिर्फ बाल-बाल बचाव, की खबर बनकर रह जाए।

### 298 आरोपियों पर शिकंजा, 1465 लीटर शराब की जब्त

# एसपी का विशेष अभियान: अवैध शराब के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

प्रदेश में अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत टीकमगढ़ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सैकड़ों आरोपियों पर शिकंजा कसा है। वर्ष 2026 में चलाए गए अभियान के दौरान पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त 298 आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की है। यह अभियान प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के निर्देश पर संचालित किया जा रहा है।




अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को अवैध शराब के निर्माण, विक्रय, परिवहन और भंडारण में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जिसके तहत पुलिस द्वारा चलाए गए सघन अभियान के दौरान आबकारी अधिनियम के तहत 297 प्रकरण दर्ज किए गए और कुल 1465 लीटर अवैध शराब जब्त की गई, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 4 लाख 62 हजार 159 रुपये बताई गई है। जब्त की गई अबैध शराब में 37 लीटर अंग्रेजी शराब, 774 लीटर देशी शराब और 654 लीटर कच्ची शराब शामिल है। जप्त की गई कुल शराब को विधिसम्मत रूप से जब्त कर संबंधित प्रकरणों में विवेचना की जा रही है। उक्त अभियान पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन हिमानी खन्ना और उप पुलिस महानिरीक्षक छतरपुर रेंज विजय खत्री के मार्गदर्शन में संचालित किया गया।

वहीं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा , एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे और एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के निर्देशन में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में लगातार कार्रवाई की गई।

टीकमगढ़ पुलिस के अनुसार सक्रिय मुखबिर तंत्र के माध्यम से अवैध शराब के निर्माण और तस्करी पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। समय-समय पर सघन रेड और धरपकड़ की कार्रवाई भी की जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध शराब के कारोबार को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इसके विरुद्ध आगे भी कठोर व प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी।

# भव्य सेल्फी पॉइंट व फव्वारे ने बढ़ाई शहर की रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

**उपयंत्री की तकनीक लाई रंग, उपाध्यक्ष व सीएमओ का रहा सहयोग**






नगर परिषद द्वारा शहर के सौंदर्यीकरण की दिशा में किया गया प्रयास अब नगरवासियों के लिए गर्व का विषय बन गया है। नगर में स्थापित आकर्षक सेल्फी पॉइंट और भव्य फव्वारा न केवल शहर की खूबसूरती बढ़ा रहा है, बल्कि पलेरा को एक नई पहचान भी दे रहा है। इस परियोजना को धरातल पर उतारने में नगर परिषद की उपयंत्री मोनिका खरे की तकनीकी सूझबूझ और बेहतर कार्ययोजना की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनके तकनीकी मार्गदर्शन में तैयार किया गया डिजाइन और उसका सफल क्रियान्वयन आज नगर के विकास और सौंदर्य का प्रतीक बनकर सामने आया है। रात के समय जब फव्वारे की रोशनी और सजावट के साथ यह स्थल जगमगाता है, तो पूरा वातावरण बेहद आकर्षक और मनमोहक दिखाई देता है। यही कारण है कि यह स्थान अब लोगों के लिए खास आकर्षण का केंद्र बन गया है।

**नेतृत्व और सहयोग से साकार हुआ सपना**

इस सौंदर्यीकरण कार्य को सफल बनाने में नगर परिषद की उपाध्यक्ष रानू तिवारी और सीएमओ शिवी उपाध्याय का भी महत्वपूर्ण सहयोग और समर्थन रहा। उनके मार्गदर्शन और उपयंत्री मोनिका खरे की सक्रियता के कारण यह परियोजना समय पर और शानदार ढंग से पूरी हो सकी। नगरवासियों का कहना है कि यदि इसी तरह योजनाबद्ध तरीके से विकास कार्य होते रहे तो पलेरा निश्चित ही विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा। नए सेल्फी पॉइंट के बनने से स्थानीय युवाओं और परिवारों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। लोग यहां आकर तस्वीरें ले रहे हैं और सोशल मीडिया पर साझा कर रहे हैं। नगरवासियों ने इस सकारात्मक पहल के लिए सीएमओ शिवी उपाध्याय, उपयंत्री मोनिका खरे और उपाध्यक्ष रानू तिवारी का आभार जताते हुए उम्मीद जताई है कि भविष्य में भी इसी तरह शहर के विकास और सौंदर्यीकरण के कार्य जारी रहेंगे।

### सरकारी योजनाओं से ग्रामीण विकास की रफ्तार तेज: अतुल खटीक

पलेरा। भाजपा शासनकाल में संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुंच रहा है और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की रफ्तार तेज हुई है। जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता अतुल खटीक ने उक्त कथन बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने गांवों के समग्र विकास के लिए अनेक योजनाएं लागू की हैं, जिनसे आमजन को वास्तविक लाभ मिल रहा है।



उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए सरकार ने गांव-गांव सड़कों का जाल बिछाया है। वहीं गांवों के अंदर की बदहाल सड़कों की समस्या को दूर करने के लिए सीसी रोड निर्माण योजना बेहद कारगर साबित हो रही है। इससे लोगों को आवागमन में बड़ी सहूलियत मिली है और गांवों की तस्वीर भी बदल रही है। अतुल खटीक ने बताया कि शासन स्तर पर विकास कार्यों में पारदर्शिता बरतने का प्रयास किया गया है, जिससे योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के लोगों तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि भाजपा की सोच सभी वर्गों के कल्याण की है और सरकार उसी दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने दर्जनों गांवों में सीसी रोड निर्माण कराकर ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया है। इससे गांवों में आवागमन सुगम हुआ है और लोगों को बरसात व कीचड़ जैसी समस्याओं से राहत मिली है। भाजपा नेता ने कहा कि भाजपा ने धर्म, मजहब, जात-पात और ऊंच-नीच की राजनीति को समाप्त कर विकास की राजनीति को प्राथमिकता दी है। सरकार ने सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं लागू की हैं और उन्हें जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक हर गरीब परिवार सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा रहा है, जो सरकार की जनकल्याणकारी सोच का प्रमाण है।

### राष्ट्रीय मंच पर सम्मानित होकर मानिकपुरा सरपंच ने दिल्ली विज्ञान भवन में जिले का मान बढ़ाया

# जनभागीदारी से एक सरपंच ने किया गांव व जिले का नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़





जिले के लिए गर्व, सम्मान और प्रेरणा का क्षण उस समय सामने आया जब ग्राम पंचायत मानिकपुरा के सरपंच प्रभु रैकवार को जल जीवन मिशन के सफल क्रियान्वयन में उल्लेखनीय योगदान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। नई दिल्ली के प्रतिष्ठित विज्ञान भवन में आयोजित भव्य जल महोत्सव कार्यक्रम में उन्हें प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार के मिनिस्ट्री ऑफ़ जल शक्ति के अंतर्गत पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा आयोजित किया गया था, जिसमें देशभर से आए जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और जल प्रबंधन के क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम में भारत की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं और उनके मुख्य आतिथ्य में यह सम्मान समारोह संपन्न हुआ। ग्राम मानिकपुरा के सरपंच प्रभु रैकवार को यह सम्मान जल जीवन मिशन के प्रभावी और सफल क्रियान्वयन के लिए दिया गया। उन्होंने गांव में घर-घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से लगातार प्रयास किए और योजना के क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व में गांव में पाइपलाइन व्यवस्था को बेहतर बनाया गया, जल स्रोतों के संरक्षण के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया गया और सरकारी योजनाओं का लाभ तेजी से प्रत्येक घर तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित कर उन्होंने जल प्रबंधन को एक जनआंदोलन का रूप देने का प्रयास किया, जिसकी सराहना राष्ट्रीय स्तर पर भी की गई।

### देशभर के प्रतिनिधियों के बीच मिली टीकमगढ़ जिले को पहचान

नई दिल्ली में आयोजित जल महोत्सव कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से बिभिन्न प्रशासनिक प्रतिनिधि और पंचायत प्रतिनिधि आये हुए थे। जिनके बीच ज़ब टीकमगढ़ जिले के ग्राम मानिकपुरा का नाम विशेष रूप से उभरकर सामने आया, तो उपस्थित प्रतिनिधियों के बीच जिले की एक अलग पहचान बन गईं। इस दौरान सरपंच प्रभु रैकवार को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया, जो न केवल उनके व्यक्तिगत प्रयासों का सम्मान है बल्कि पूरे जिले और ग्रामीण नेतृत्व की क्षमता का प्रतीक भी है। जिससे राष्ट्रीय स्तर के प्रतिनिधियों का परिचय हुआ है।

### जिले में खुशी की लहर, प्रेरक उपलब्धि बताते हुए अधिकारियों ने दी बधाई

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने भी प्रसन्नता व्यक्त की। टीकमगढ़ कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई तथा जिला पंचायत सीईओ नवनीत कुमार धुर्वे सहित संबंधित अधिकारियों ने सरपंच प्रभु रैकवार को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सम्मान पूरे जिले के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर इस प्रकार के प्रयास अन्य पंचायतों के लिए भी प्रेरणा बनते हैं और इससे सरकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन को बढ़ावा मिलता है। उक्त सम्मान के चलते अब जिले की अन्य पंचायते भी प्रेरित होकर शासकीय योजनाओं का वेहतर तरीके से क्रियान्वयन करने का प्रयास करेंगी।

### एक पंथ दो काज का उल्लेख कर ग्रामीणों ने बताया गांव के लिए गर्व का क्षण

ग्राम मानिकपुरा में सरपंच प्रभु रैकवार को राष्ट्रीय मंच पर सम्मानित किए जाने की खबर मिलते ही ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने इसे पूरे गांव की उपलब्धि बताते हुए सरपंच प्रभु रैकवार के प्रयासों की सराहना की। ग्रामीणों का कहना है कि सरपंच प्रभु रैकवार के नेतृत्व में गांव में जल व्यवस्था में सुधार हुआ है और लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि यह एक पंथ दो काज की तरह कार्य हो रहा है जिससे एक तरफ जनता को योजना का वेहतर लाभ तो मिल ही रहा है, वही दूसरी ओर गांव व जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर चमक रहा है। जो हमारे गांब के लिये गर्व का विषय है।

### प्रेरक उदाहरण बन रही सक्रियता व जनभागीदारी

सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के माध्यम से देश के हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके तहत मानिकपुरा सरपंच द्वारा प्रयास करते हुए ग्राम मानिकपुरा में इस योजना को सफल बनाने में सरपंच प्रभु रैकवार की सक्रियता और ग्रामीणों की सहभागिता एक उदाहरण बनकर सामने आई है। क्योंकि राष्ट्रीय मंच पर मिला यह सम्मान न केवल ग्राम मानिकपुरा के लिये बल्कि पूरे टीकमगढ़ जिले के लिए प्रेरक उदाहरण बन गया है। यह उपलब्धि दर्शाती है कि यदि जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मिलकर कार्य करें तो सरकारी योजनाओं को सफल बनाकर विकास की ऐसी नई इवारत लिखी जा सकती है।

न ऑफलाइन न ऑनलाइन हो रही बुकिंग, कमर्शियल के बाद घरेलू गैस का वितरण भी बंद

# गैस उपभोक्ताओ ने गैस एजेंसी पर किया हंगामा, बुलानी पड़ी पुलिस




हरिभूमि न्यूज ⏩ श्योपुर

कमर्शियल सिलेंडरों की बिक्री सरकार की ओर से बंद हो जाने की घोषणा के बाद अब घरेलू गैस के भी लाले पड़ गए हैं। घरेलू गैस बुकिंग के लिए लोग अपने मोबाइल से दिन भर गैस बुकिंग के लिए नम्बर डायल करते रहे लेकिन नंबर डायल ही नहीं हुआ। ऑनलाइन बुकिंग नहीं होने से लोग ऑफलाइन गैस सिलेंडर लेने एजेंसी के दफ्तर पहुंच गए लेकिन वहां भी उन्हें ऑनलाइन बुकिंग कराने की सलाह देकर पल्ला झाड़ लिया गया। इससे नाराज उपभोक्ताओं ने एजेंसी पर हंगामा शुरू कर दिया जिसके बाद वितरक को पुलिस बुलानी पड़ी। पुलिस गैस एजेंसी पर आय ग्राहकों को धौंस डपट देकर भगाने का काम दिन भर करती रही। जिला मुख्यालय के अलावा विजयपुर, बीरपुर और बड़ौदा में भी यही हालात रहे लोगों को गैस सिलेंडर तो नहीं मिले अलबत्ता पुलिस की डाट जरूर पड़ गई।




ईरान के साथ अमेरिका और इजरायल की लड़ाई का खामियाजा श्योपुर जिला वासियों को भी भुगतना पड़ रहा है। शहर में भी गैस की कमी सामने आने लगी है। पहले सरकार के निर्देश पर होटल ढाबा इत्यादि पर उपयोग होने वाला नीला गैस (कमर्शियल) सिलेंडर का वितरण बंद कर दिया गया और घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया यही नहीं कई दुकानों पर छापा मार कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने घरेलू गैस सिलेंडर भी जब्त भी किए साथ ही लोगों से पेनिक नहीं होने ओर अफवाह में नहीं आने की अपील भी शासन प्रशासन की ओर से लगातार की जाती रही की गैस के पर्याप्त भंडार है किसी को गैस की कमी नहीं होने दी जाएगी लेकिन इन दावों के एक दिन बाद ही जिले में गैस का टोटा पड़ गया। जिले की किसी भी एजेंसी पर उपभोक्ता को एक सिलेंडर गैस भी नहीं मिला। लोग ऑनलाइन बुकिंग दिनभर करते रहे लेकिन न बुकिंग हुई न उन्हें सिलेंडर मिल सका। कुल मिलाकर गैस की ओर से लोग अब परेशान तो होने लगे हैं।

### विजयपुर में तीन दिनों से नहीं मिला सिलेंडर

उधर विजयपुर में भी रसोई गैस को लेकर हालात गड़बड़ा गए हैं। बीते तीन दिनों से एजेंसी संचालक ने उपभोक्ताओं को सिलेंडर नहीं दिए हैं यहां भी उपभोक्ताओं ने गुरुवार को पहुंच कर खूब हंगामा किया पर एजेंसी संचालक में स्पष्ट बोल दिया कि उसके पास गैस स्टॉक में नहीं है। गाड़ी का आर्डर किया हुआ है तीन दिन से वह खुद गाड़ी आने का इंतजार कर रहा है जैसे ही गाड़ी आएगी जिन लोगों के सिलेंडर पहले से बुक है उन्हें सिलेंडर दे दिया जाएगा। जबकि गुरुवार को तो किसी भी उपभोक्ता का सिलेंडर बुक हुआ ही नहीं यानी जो सिलेंडर गुरुवार से पहले बुक हो गए थे उन्हें ही गैस सिलेंडर दिया जाएगा जो सिलेंडर बुक नहीं हो रहे हैं उन्हें फिलहाल इंतजार करना पड़ेगा अब यह इंतजार कितना लंबा होगा कह नहीं सकते लेकिन सिलेंडर की इस कमी ने लोगों को हाथ पांव जरूर भुला दिया है। उधर बड़ौदा ओर बीरपुर में भी कमोवेश यही हालात निर्मित हो रहे हैं।

### होटल दुकानें बंद होने के कगार पर

उधर गैस सिलेंडर नहीं मिलने से चाय, चाट, पकौड़ी की दुकानें होटल इत्यादि बंद होने के कगार पर पहुंच गई है। सरकार ने कामर्शियल सिलेंडरों की बिक्री पर रोक लगा दी है फिलहाल जिस तरह से रोक लगी है उससे लगता नहीं कि ये रोक हटे ईरान अमेरिका इजरायल युद्ध खत्म होने से पहले यह रोक हटाई जाए संभव नहीं है। उधर घरेलू गैस सिलेंडर से होटल चाय समोसा कचौड़ी बनाने पर प्रशासन छापा मार करवाई कर सिलेंडर जप्त कर रहा है जिससे घबराए दुकानदारों ने अब कमर्शियल सिलेंडर खत्म होने के बाद अपनी दुकान बंद करना शुरू कर दी है अभी एक दो दुकान नहीं बंद हुई है आने वाले समय में अगर जल्दी ही सिलेंडर नहीं मिले तो सप्ताह भर के बाद जिले की आधी दुकान होटल इत्यादि बंद होने के कगार पर पहुंच जाएंगे उधर बिहार शादी करने वालों के भी हाल बुरे हो गए हैं उन्हें गैस सिलेंडर नहीं मिल रहे हैं ऐसी स्थिति में लकड़ी जलाकर खाना पकाने के अलावा और कोई चारा नहीं है वह चाहे।

### इनका कहना...

मेरे यहां तीन दिन से सिलेंडर नहीं है में एजेंसी पर तीन दिन से चक्कर काट रहा हु लेकिन सिलेंडर नहीं मिला है एजेंसी वाले बोल रहे है है कि गाड़ी नहीं आई है बड़ी परेशानी हो रही है

**राघवेंद्र शर्मा**
**निवासी विजयपुर**

गैस सिलेंडर ऑनलाइन बुकिंग के बाद ही मिल सकेगा लेकिन बुकिंग क्यों नहीं हो रही है इस संबंध में हमें जानकारी नहीं है। हो सकता है कि सरवर डाउन चल रहा हो बुकिंग 24 घंटे होती है इसलिए रात को बुकिंग करने की सलाह लोगों को दे रहे हैं।

**अमरनाथ गोयल**
**इंडेन गैस एजेंसी संचालक**

गौतम ब्राह्मण समाज ने भगवान गणपति को दिया प्रथम निमंत्रण

# 15 से शुरू होगा गौतम जयंती महोत्सव, 19 को निकलेगी शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏩ श्योपुर

न्याय शास्त्र प्रणेता एवं गौतम (गुर्जर गौड़) ब्राह्मण समाज के आराध्य महर्षि गौतम जी का जयंती महोत्सव भव्यता के साथ मनाया जाएगा। जिसकी शुरूआत 15 मार्च को क्रिकेट मैच के आयोजन के साथ होगी। 19 मार्च को महर्षि गौतम जी का शोभायात्रा गाजेबाजे के साथ शहर में निकाली जाएगी। गौतम ब्राह्मण समाज श्योपुर द्वारा इस गौतम जयंती महोत्सव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इसी क्रम में गौतम ब्राह्मण समाज श्योपुर ट्रस्ट कार्यकारिणी पदाधिकारियों ने गुरूवार को गौतम जयंती महोत्सव में परिवार समेत शामिल के लिए प्रथम निमंत्रण टोडी गणेश मंदिर पर पहुंचकर भगवान गणपति को दिया। इस दौरान ट्रस्ट कार्यक्रारिणी अध्यक्ष शंभूदयाल शर्मा पंकज, गौतम जयंती संयोजक जितेन्द्र कुमार शर्मा, सह संयोजक लक्ष्मीनारायण शर्मा, नारायण शर्मा, जयप्रकाश गौतम, रामभरत गौतम, रणवीर गौतम, हरि नारायण गौतम, श्याम लाल श्रोतिय, जगदीश नारायण, व्यकंट गौतम, सत्यनारायण गौतम, मुकेश गौतम एड, सहित अन्य कई समाजीय लोग मौजूद थे।

गौतम जयंती महोत्सव के संयोजक जितेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि 15 मार्च को इस महोत्सव का शुभारंभ होगा। 15 मार्च को नव युवक मंडल की अगुवाई में स्टेडियम ग्राउंड में क्रिकेट मैच का आयोजन किया जाएगा जिसमें समाजीय युवा अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेगे। इसके बाद 17 मार्च को दोपहर एक बजे से बच्चों के लिए एक मिनट गैम चेयर रेस व फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, दोपहर 2 बजे से महिला व युवतियों के लिए कार्यक्रम तथा शाम 7 बजे से कवि सम्मेलन का आयोजन किला रोड स्थित गौतम धर्मशाला में किया जाएगा। 18 मार्च को सायं 5 बजे वृद्धजन एवं मैधावी छात्र सम्मान समारोह तथा शाम 7 बजे सुंदरकाण्ड का सामूहिक वाचन व प्रसाद वितरण कार्यक्रम गौतम धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा।



### सुबह होगा पूजन, शाम को निकलेगी शोभायात्रा

गौतम जयंती महोत्सव के तहत 19 मार्च को सुबह 9:30 बजे गौतम धर्मशाला में महर्षि गौतम जी का सामूहिक पूजन अर्चन व हवन किया जाएगा। वहीं अपरान्ह 3 बजे से महर्षि गौतम जी की शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो गौतम धर्मशाला से आरंभ होगी और गाजेबाजे के साथ शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए वापस धर्मशाला में पहुंचकर सम्पन्न होगी। इसके बाद सह भोज का आयोजन भी किया जाएगा। समाजीय लोगो से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया गया है।

# जमातुल विदा को लेकर हिलाल कमेटी भी पशोपेश में, ईद की नमाज का वक्त तय

हरिभूमि न्यूज ⏩ श्योपुर

जुमातुल विदा की नमाज कौन से शुक्रवार को पढ़ी जाएगी, इसको लेकर जहां लोग संशय की स्थिति में है वही हिलाल कमेटी भी गुरुवार को आयोजित बैठक में पशोपेश में पड़ गई। बाद में तय किया गया कि 13 मार्च को पढ़ने वाला जुमा ही जुमातुल विदा मानकर पढ़ा जाएगा। उधर शहर काजी अतीक उल्लाह कुरैशी ने सभी मस्जिदों में ईद की नमाज का समय मुकर्रर कर दिया है। इस दौरान विभिन्न मस्जिदों के जिम्मेदार एवं वक्फ बोर्ड के जिलाध्यक्ष काजी असद उल्लाह कुरैशी आदि मौजूद रहे।

नवागत अंजुमन सदर अकरम खान ने बताया कि जुमा तुल विदा, शब ए कद्र एवं ईद की नमाज को लेकर हिलाल कमेटी की बैठक गुरुवार को जामा मस्जिद ऑफिस में आयोजित की गई।



शहर काजी अतीकुल्लाह कुरैशी की अध्यक्षता में आयोजित हुई इस बैठक में इस बात पर सहमति हुई की जुमातुल विदा की नमाज 13 मार्च को पढ़ी जाएगी क्योंकि इसके बाद आने वाला जुमा पर ईद होने की संभावना भी है। अगर तब गुरुवार को चांद नहीं दिख तो शनिवार को ईद होगी लेकिन गुरुवार को चांद दिख गया तो शुक्रवार को ईद की नमाज पढ़ी जाएगी जिससे जुमातुल विदा का खुत्बा और हिसाबात जो इस दिन होते हैं नहीं हो सकेंगे। इसलिए 13 मार्च को पढ़ने वाले जुमा को ही जुमातुल विदा माना जाएगा। इस दौरान 16 मार्च को मनाई जाने वाली शबेकद्र को मस्जिदों में शांति पूर्वक इबादत करने और बच्चों को बाजार में हुड़दंग करने से रोकने की बात भी कही गई। साथ ही ईदगाह सहित सभी आठ मस्जिदों में होने वाली ईद की नमाज का समय भी शहर काजी अतीक उल्लाह कुरैशी के निर्देशानुसार तय कर दिया गया है।

### कब कितने बजे होगी ईद की नमाज

| मस्जिद का नाम | समय |
| --- | --- |
| ईदगाह | सुबह 9:30 बजे |
| जामा मस्जिद | सुबह 8:30 बजे |
| मस्जिद कुमेदान | सुबह 8:45 बजे |
| मस्जिद बड़ा इमामबाड़ा | सुबह 8:00 बजे |
| मस्जिद खान सैयद किला | सुबह 8:15 बजे |
| मस्जिद बस स्टेण्ड के पीछे | सुबह 8:00 बजे |
| मस्जिद सलापुरा | सुबह 8:30 बजे |
| मस्जिद नारनोल किला | सुबह 9:15 बजे |

# बडौदा छात्रावास निर्माण समिति गठित, शिवराज सिंह बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏩ श्योपुर,

क्षेत्रीय मीणा समाज श्योपुर की एक बैठक गुरूवार को बडौदा स्थित मीणा छात्रावास पर आयोजित की गई। मीणा समाज अध्यक्ष हंसराज मीणा नागदा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में बडौदा छात्रावास निर्माण समिति का गठन किया गया। सर्व सम्मति से गठित इस समिति का अध्यक्ष शिवराज सिंह मीणा राजपुरा को बनाया गया। वहीं गिरजा शंकर मीणा इन्द्रपुरा, मुकेश मीणा बड़ोदिया घाट और राधेश्याम मीणा माताजी की खेड़ली को उपाध्यक्ष बनाया गया । राम भरत सारसली वालों को कोषाध्यक्ष तथा कमलेश मीणा बांसोद को सचिव मनोनित किया गया है। जबकि समिति के संरक्षण मंडल भागचंद मीणा कलोनी, पन्नालाल मीणा ललितपुरा, पुरण लाल सिरसोद, रघुवीर मीणा राजपुरा, जगदीश मीणा प्रेमपुरा, और बंशीलाल मीणा कुडायता शामिल किया गया है। बैठक में छात्रावास निर्माण के लिए 1 लाख 11 00 रूपए की राशि दान करने वाले रामभरत मीणा सारसली वालो तथा 51 हजार रूपए की राशि दान करने वाली प्रियंका मीणा पत्नी राम रेश मीणा बगवाड़ा वालों को सम्मानित भी किया गया है।



# पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त का वितरण आज

**श्योपुर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत वर्ष में कुल 6 हजार रूपए की राशि तीन समान किश्तो में प्रदान की जाती है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किश्त का वितरण प्रधानमंत्री नरेंन्द्र मोदी द्वारा 13 मार्च को गुवाहटी असम में आयोजित पीएम किसान उत्सव दिवस कार्यक्रम के माध्यम से किया जायेगा। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने उक्त कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर एसडीएम श्योपुर को नोडल अधिकारी बनाया है। इसके साथ ही विजयपुर एवं कराहल ब्लॉक में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के लिए संबंधित एसडीएम को दायित्व सौपे गये है। तहसील स्तर पर तहसीलदार को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिले की ग्राम पंचायतों में उक्त कार्यक्रम का लाइव प्रसारण कराने की व्यवस्था के निर्देश दिये गये है तथा पटवारियों को ग्राम नोडल अधिकारी नामांकित किया गया है।

### पीसीपीएनडीटी एक्ट सलाहकार समिति की बैठक 18 को

**श्योपुर।** पी.सी.पी.एन.पी.डी.टी. अधिनियम के क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक 18 मार्च को दोपहर 01 बजे सीएमएचओ कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। सीएमएचओ डॉ डीएस सिकरवार ने बताया कि बैठक में सभी सदस्यो को आमंत्रित किया गया है।

जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

# शहरी सीमा से सटी लोकेशनों पर 100 प्रतिशत वृद्धि के प्रस्ताव तैयार करें

हरिभूमि न्यूज ⏩ श्योपुर

शहरी क्षेत्र श्योपुर एवं बडौदा से सटे क्षेत्र की लोकेशन पर 100 प्रतिशत वृद्धि की जाये। यह निर्देश कलेक्टर अर्पित वर्मा ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय मूल्यांकन समिति की बैठक में उप जिला मूल्यांकन समिति श्योपुर एवं विजयपुर से प्राप्त प्रस्तावों पर चर्चा के दौरान दिए। बैठक में एसडीएम गगन सिंह मीणा, विधायक श्योपुर प्रतिनिधि असद उल्ला कुरैशी, रजिस्टार दुष्यंत दीक्षित, सब रजिस्टार श्योपुर सौरभ शाक्य, रामकुवार डाबरिया एवं, जल संसाधन, पीडब्ल्यूडी, नगर निवेश, भू-अभिलेख, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने उप जिला मूल्यांकन समिति से प्राप्त प्रस्तावों पर विचार विमर्श उपरांत निर्देश दिये कि ग्राम रायपुरा, जाटखेडा, जैदा, बर्धा-दांतरदा, सलापुरा, बगवाज, मठेपुरा, ढेगदा, कलारना सहित मूंडला एवं पाण्डोला क्षेत्र की लोकेशन में 100 प्रतिशत वृद्धि के प्रस्ताव तैयार किये जाए।

जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में वर्ष 2026-27 की गाइडलाइन में 926 लोकेशन है, जिनमें 847 लोकेशनों में वृद्धि के प्रस्ताव समिति की बैठक में प्रस्तुत किये गये। 926 में से 270 शहरी लोकेशन है और 656 लोकेशन ग्रामीण क्षेत्र की है, शहरी क्षेत्र की 270 लोकेशन में से 237 लोकेशनों पर तथा ग्रामीण क्षेत्र की 656 में से 610 लोकेशनों पर वृद्धि के प्रस्ताव तैयार किये गये है। बैठक में बताया गया कि पिछले वर्ष कलेक्टर गाइडलाइन में जिले की 1085 लोकेशन थी, जिसमें से इस वर्ष की गाइडलाइन में 204 लोकेशनों को अन्य समीपवर्ती लोकेशन में मर्ज कर दिया गया है तथा 45 नई लोकेशन जोडी गई है, इस प्रकार इस वर्ष कलेक्टर गाइडलाइन में 926 लोकेशन शेष रह गई है।




चंबल नहर सूक्ष्म परियोजना में भ्रष्टाचार को लेकर प्रशासन के खिलाफ बढ़ा गुस्सा

# फिर गुबार बनकर फूटा किसानों का गुस्सा, पानी को लेकर 35 गांव के किसानों का धरना शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏩ श्योपुर,

चंबल नहर सूक्ष्म सिंचाई परियोजना में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए 35 गांव के किसानों ने गुरुवार से जिला मुख्यालय स्थित पटेल चौक पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। किसानों का गुस्सा फूट पड़ने से प्रशासन भी कम परेशान नहीं है क्योंकि अभी तक प्रशासन किसानों ओर निर्माण एजेंसी के बीच मध्यस्थ बनकर बैठक कराता रहा है और इन बैठकों में किसानों को आश्वस्त किया जाता रहा है कि सिंचाई परियोजना का परीक्षण किसानों की मौजूदगी में कराया जाएगा। लेकिन बीते तीन सालों में न किसानों के खेतों को पानी मिला ओर न ही परियोजना का परीक्षण हो सका।

मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले में 153 करोड़ रुपए की लागत वाली चंबल सूक्ष्म सिंचाई परियोजना 35 गांवों के लिए शुरू की गई थी, लेकिन 6 वर्षों के बाद भी इसका कार्य अधूरा और असफल रहा है। परियोजना में पाइपलाइन रिसाव की समस्या लगातार बनी हुई है, जिससे खेतों में पानी पहुंचने से पहले लीकेज के कारण फैल कर बर्बाद हो रहा है। यह परियोजना किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए लाई गई थी। लेकिन ऐसा लग रहा है कि इस परियोजना का लाभ किसानों से अधिक शायद उन अफसरों को मिल रहा है जो योजना को धरातल पर उतारने के बजाए जैसे तेसे एनकेन प्रकरेण योजना का उपयोगी बताकर उपयोगिता प्रमाण पत्र हासिल करना चाहते हैं। सूत्रों की माने तो प्रशासन पर उपयोगिता प्रमाण पत्र दिए जानने का दबाव है लेकिन किसान अपने हितों से जुड़े मामले में कोई समझौता करने को तैयार नहीं हैं जिसके चलते बार-बार बैठके तो होती है लेकिन वह अंजाम तक नहीं पहुंच पाती हैं। इन बैठकों के निराकरण नहीं होने से नाराज किसानों ने गुरुवार से पटेल चौक पर धरना शुरू कर दिया है।




### किसानों की मांगें

किसान महापंचायत के बाद जिला मुख्यालय स्थित पटेल चौक पर धरने का निर्णय लेने के बाद किसानों ने गुरुवार से धरना शुरू कर दिया है और इस धरने में किसानों ने प्रत्येक खेत में पानी पहुंचे, छोड़े गए 8, गांव गुर्जर गांवडी, प्रेमपुरा, चोडपुर, ग्वाड़ी, मठेपुरा, जेदा, इच्छापुरा बनवाडा को योजना में जोड़ा जाए। परियोजना में गड़बड़झाले की उच्च स्तर पर जांच हो ओर दोषी पाए जाने पर अधिकारी, एजेंसी ओर इन्हें सपोर्ट करने वाले नेताओं पर कार्रवाई हो।

### शुरू से ही फेल रही परियोजना

वर्ष 2023-24 में सिंचाई का कार्य प्रारंभ हुआ था चक जीएम-1 एवं चक जीएम-2 (7500 हेक्टयर क्षेत्र) में जांब एवं परीक्षण कर सिंचाई के लिए पानी दिया गया था, लेकिन तब हुई अचानक वर्षा के कारण सिंचाई के लिए पानी की मांग शून्य हो गई. चूँकि चंबल सूक्ष्म सिंचाई परियोजना के कमांड क्षेत्र में सरसों की फसल होती है, इस कारण बचे हुए रकबे में समय रहते सिंचाई की मांग बहुत कम रही, तब तक सरसों की फसल के 2200 हेक्टयर क्षेत्र में सिंचाई हो चुकी थी। जल संसाधन विभाग ने बताया कि मैसर्स डब्ल्यू पीआईएल कंपनी द्वारा जांच एवं परीक्षण तथा सिंचाई सत्र के दौरान कमांड एरिया में जहां पाइप में लीकेज की जो समस्याएं आई थी, उनकी मरम्मत कर दूर कर लिया गया। चक जीएम-3 की जांब एवं परीक्षण के पूर्व ही सभी कार्य पूर्ण कर लिये गये है तथा जीएम-3 (4500 हेक्टेयर में) सिंचाई की जायेगी। इस परियोजना में सिंचाई भूमिगत पाइप से दबाव पद्धति सिप्रंकलर द्वारा की जाना है। इस संबंध में किसानों को भी प्रेरित किया गया कि वे स्प्रिंकलर के माध्यम से सिंचाई को अपनाएं। परियोजना के नियमों के अनुसार आगामी 5 साल तक इसका संचालन, संधारण संबंधित कंपनी द्वारा ही किया जायेगा। और इसका प्रमाण पत्र उन किसानों को देना है। जिनके खेतों में इस परियोजना के माध्यम से सिंचाई का दावा किया जा रहा है। बस यही बात कंपनी अफसरों प्रशासनिक अधिकारी ओर किसानों के बीच असामंजस्य की स्थिति निर्मित कर रहा है। किसान योजना को उपयोगी होने का प्रमाण पत्र देने के मूड में नहीं हैं और कंपनी परिक्षण कराए बगैर प्रमाण पत्र लेना चाहती है और प्रशासन दोनों से सामंजस्य बना कर उपयोगिता प्रमाण पत्र जारी कराना चाहता है। प्रशासन गाहे बगाहे किसानों ओर परियोजना से जुड़े अधिकारियों को बैठक कराकर नहर का परीक्षण किसानों को कराने की बात कहता है लेकिन बैठक में कलेक्टर द्वारा दिए गए परीक्षण के निर्देश सिर्फ निर्देश तक ही सीमित रहते हैं ।

# जिपं सीईओ ने ली अधीनस्थ अमले की बैठक लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश

**श्योपुर।** सभी शाखा प्रभारी एवं कार्यक्रम अधिकारी अपनी-अपनी शाखाओं में लंबित प्रकरणों का निराकरण शीघ्रता से करें तथा ड्यूटी के दौरान अनुशासन के साथ अपना कर्तव्य निभायें। इस तरह के निर्देश जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद ने गुरूवार को अधीनस्थ अमले की बैठक लेते हुए दिए। जिला पंचायत सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिपं सीईओ सौम्या आनंद ने निर्देश दिये कि कोई भी अधिकारी अथवा कर्मचारी बिना अनुमति या पूर्व सूचना के कार्यालय से अनुपस्थित नहीं रहेगा, यदि किसी कर्मचारी को अवकाश अथवा मुख्यालय से बाहर जाना हो तो 2 दिवस तक की अनुमति संबंधित ओआईसी की अनुशंसा पर अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी से तथा 2 दिवस से अधिक अवकाश के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। उन्होने सभी शाखा प्रभारियों को निर्देश दिए गए कि प्राथमिकता वाले पत्रों एवं प्रकरणों को शीघ्रता से तैयार कर समय-सीमा में प्रस्तुत किया जाए। इसके अतिरिक्त सभी अधिकारी-कर्मचारियों को अपने-अपने कार्यालयों को व्यवस्थित एवं स्वच्छ रखने हेतु निर्देशित किया गया। स्वच्छ कार्यालय वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 14 मार्च को प्रातः 7 बजे सभी अधिकारी एवं कर्मचारी जिला पंचायत परिसर एवं निर्धारित स्थानों पर स्वच्छता हेतु श्रमदान करेंगे तथा वृक्षारोपण भी किया जाएगा। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत संचालित योजनाओं का कोई भी बजट शेष नहीं होना चाहिए। यदि किसी योजना का बजट शेष रहता है तो संबंधित अधिकारी/कर्मचारी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



## खबर संक्षेप

### ग्रामीण मृत अवस्था में पुलिया के नीचे मिला

**अशोकनगर।** जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत सुरेश पुत्र छुटटीलाल अहिरवार उम्र 65 साल निवासी ग्राम बलदाई गुना अशोकनगर रोड से ग्राम बलदाई की ओर जाने वाली सड़क की पुलिया के नीचे मृत अवस्था में मिला है, जिसके सिर के ऊपर से खून निकल रहा था। जिसे उपचार के लिए अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### यादव कॉलोनी में मिला अज्ञात युवक का शव

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत यादव कॉलोनी के पास एक अज्ञात पुरूष का शव मृत अवस्था में मिला है। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है। युवक के सिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

### अज्ञात व्यक्ति कार चोरी कर ले गया

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत ललित नामदेव पुत्र रमेशचन्द्र नामदेव उम्र 49 साल निवासी वेदांत भवन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बगुल्या मैरिज गार्डन के बाहर से कोई अज्ञात आरोपी उसकी 9 लाख रूपए कीमत की कार चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात पर चोरी का मामला दर्ज किया है।

### अवैधानिक मत्स्याखेट सुखान पर कार्यवाही

**अशोकनगर।** सहायक संचालक मत्स्योद्योग एनएस दंडोतिया ने बताया कि जमाखेडी जलाशय पर अवैधानिक मत्स्याखेट संबंधी कार्यवाही की गई। साथ ही जमाखेडी जलाशय पर मौके पर जाकर अवैधानिक मत्स्याखेट चट्टी जाल से सुखान मछली जप्ती की गई तथा सूखी मछली की नीलामी की गई।

### नाबालिग को 2 घंटे में परिवार को सुपुर्द किया

**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अति. पुलिस अधीक्षक अशोकनगर गजेन्द्र सिंह कंवर एवं एसडीओपी मुंगावली सनम बी खान के मार्गदर्शन में थाना सेहराई पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए गुम हुए 12 वर्षीय बालिका को मात्र 02 घंटे में सकुशल तलाश कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। उल्लेखनीय है कि 10 मार्च को शाम करीब 7.00 बजे ग्राम चिरोली निवासी फरियादिया द्वारा थाना सेहराई उपस्थित होकर बताया कि उनकी 12 वर्षीय पुत्री को उन्होंने डांट दिया था, जिससे नाराज होकर वह बिना बताए घर से कहीं चली गई है। परिजनों द्वारा आसपास एवं रिश्तेदारों के यहां तलाश करने के बाद भी बालिका का कोई पता नहीं चल सका।

### मारपीट की घटनाओं के अनेक मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली अशोकनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत तायड़े कॉलोनी निवासी धर्मेन्द्र नामदेव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सोनू रघुवंशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत आजाद नगर निवासी नीलम अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विनय अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### पेयजल के निराकरण हेतु कंट्रोल रूम स्थापित

**अशोकनगर।** ग्रीष्मकाल में पेयजल की समस्याओं के तत्काल निराकरण हेतु जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी ने बताया कि कंट्रोल रूम में पेयजल से संबंधित शिकायतें दर्ज कराई जा सकती है। जिला स्तर पर राजेन्द्र सिंह मो. नम्बर 8349088783, पूरन सिंह मो. न. 9893911483 तथा कमल कुमार शर्मा मो. न. 8435266206 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। इसी प्रकार विखं अशोकनगर में आर.एस. गुर्जवार मो. न. 7697569214, ईसागढ़ में सृष्टि गुप्ता मो. न. 6264690889, मुंगावली में रोहित त्यागी मो.न. 8982436835 तथा चंदेरी में धर्मांशु दीक्षित मो.न. 8461098214 पर शिकायत कर सकते हैं।

## एसपी ने किया फरार आरोपी पर 10,000 रुपए का इनाम घोषित

# अंतर्राष्ट्रीय शूटर गैंग हैरी व ऋतिक बॉक्सर को मदद करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

12 मई को अशोकनगर में एक व्यापारी को बॉक्सर गैंग के सदस्य हैरी बॉक्सर के नाम से वाट्सअप कॉल, वीडियो कोल, वाईस नोट द्वारा डरा धमकाकर दस करोड की फिरौती मांगने व नही देने पर फरियादी तथा परिवार को खत्म करने की धमकी वाले मामले में अशोकनगर में दर्ज प्रकरण के बाद पुलिस ने दो आरोपियो को और गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा फरार आरोपी प्रदीप शुक्ला पर 10,000 रूपये का ईनाम घोषित किया गया।

विवेचना के दौरान पुलिस ने तमाम तकनीकी साक्ष्यों का उपयोग करते हुए आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस टीम बनाकर जयपुर, जैसलमेर, राजस्थान, इंदौर, गोवा तथा अन्य स्थानों पर जाकर साक्ष्य एकत्रित किए। उक्त समयावधि में ही अशोकनगर शहर सहित आसपास के होटल, लोज, धर्मशाला, बस स्टेंड, रेलवे स्टेशन सहित सभी स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। उक्त प्रकरण में अशोकनगर कोतवाली पुलिस एक आरोपी मनीष जांगिड की गिरफ्तारी पहले ही कर चुकी थी उक्त आरोपी से विवेचना के दौरान गोपनीय सूचनाओं एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर लगातार कई टीमें देश के अलग अलग राज्यो में रवाना की गई थी।





### पुलिस की टीमें राजस्थान के कई शहरों और गोवा में कैमरों की फुटेज खंगालती रहीं

पत्रकारों से बातचीत करते हुए पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने बताया कि हैरी बॉक्सर द्वारा पूर्व में गिरफ्तार आरोपी मनीष जांगिड को पैसे एवं हथियार उपलब्ध कराये जाने की जानकारी एकत्रित की जा रही थी, इसी क्रम में एक टीम गोवा एवं राजस्थान रवाना की गई थी। टीम ने गोवा जाकर लगभग 200 केमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमे एक संदिग्ध का फोटो प्राप्त हुआ था। उसकी तस्दीक की गई तो वह बॉक्सर गैंग का प्रदीप शुक्ला होना पाया गया। जिस पूर्व में जयपुर के जी-क्लव ओर ग्वालियर के हजीरा थाना में फिरौती के लिये फायरिंग करनें के अपराध भी दर्ज है जिसका अपराध क्रंर. 502/22 है, जिसमें आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा उक्त आरोपी पर 10,000 रू. का ईनाम भी घोषित किया गया है।

### पुलिस को गैंग के सदस्य दुर्गेश सोनी की तलाश

यहां यह उल्लेख करना भी महत्वपूर्ण है कि दुर्गेश सोनी हैरी बॉक्सर गैंग का सदस्य है और यह 17 साल की उम्र में ही हत्या कर चुका है जिसके लिये जेल भी रह चुका है, जेल से बाहर आने के बाद यह बॉक्सर गैंग के लगातार संम्पर्क मे आकर काम करने लगा, जिसकी सघन तलाश की जा रही है।

### पवन शर्मा और प्रदीप शुक्ला ग्वालियर में हुई फायरिंग दौरान साथ रहे चुके हैं

विवेचना के द्वौरान यह स्पष्ट हुआ कि प्रदीप शुक्ला के कहने पर भिण्ड जिले के कचनावकलां निवासी पवन शर्मा द्वारा अशोकनगर मे वारदात करने वाले आरोपी मनीष जांगिड को 4000 रूपये दिये थे। पवन शर्मा पूर्व में जिला ग्वालियर में हुई फायरिंग में प्रदीप शुक्ला के साथ शामिल रहा है और पिछले कुछ दिनों के लिए उसे अपने मंदिर के निवास पर शरण भी दिये हुये था। इसी प्रकार एक टीम राजस्थान के बीकानेर भी रवाना की गई थी जिसने तस्दीक में पाया कि मनीष जांगिड को वहाँ से भी 40,000 रूपये ऑनलाईन फोनपे के माध्यम से दिये गये थे। पुलिस टीम एक संदिग्ध को पूछताछ के लिये अपने साथ अशोकनगर लेकर आई थी दौराने पूछताछ आरोपी दिनेश सुथार ने बताया कि उसे हैरी बॉक्सर गैंग के दुर्गेश सोनी ने एक नम्बर दिया था जिस पर 40,000 हजार रूपये ऑनलाईन देने का बोला था जिसमे अपना फायदा भी होगा जो मैने पैसे ऑनलाईन किये थे। इसके अतिरिक्त 65,000 रू. अन्य गैंग की अवैध गतिविधियो के लिये भी टान्सफर किये गये है जिसको चिन्हित किया जा चुका है एक टीम भी रवाना की गई है।

### अशोकनगर कलेक्टर कार्यालय की लिफ्ट फिर बंद, दिव्यांग परेशान

**अशोकनगर।** कलेक्टर कार्यालय अशोकनगर में दिव्यांगों के लिए एकमात्र विकल्प है लिफ्ट है लेकिन यह लिफ्ट जब से नए कलेक्टर आए हैं तब से ही बंद पड़ी है। पूर्व कलेक्टर के द्वारा संबंधित कंपनी में दबाव बनाकर इस लिफ्ट को चालू कराया गया था जिसका परिणाम यह रहा कि जब तक वह अशोकनगर में रहे तब तक यह लिफ्ट चलती रही, जिससे दिव्यांग संबंधित विभागों में अपने कार्यों के लिए जाने के लिए आसानी से लिफ्ट का उपयोग करते रहे। इसके अलावा ऐसे भी लोग हैं जो बुजुर्ग हैं और असहाय है उन्हें विभिन्न विभागों में जाना है या कलेक्टर के यहां आवेदन देने पहुंचना है उन्हें वहां तक पहुंचने के लिए एक मात्र लिफ्ट की व्यवस्था है जिसके माध्यम से वहां तक पहुंच सकते हैं लेकिन लिफ्ट बंद होने के कारण यह दिव्यांग बुजुर्ग और असहाय लोग सीढ़ियां चढ़कर अधिकारियों के कार्यालय को जाने पर मजबूर हैं। सही बात तो यह है कि जब से कलेक्टर कार्यालय में इस लिफ्ट का प्रारंभ होना शुरू हुआ है तब से लिफ्ट मुश्किल से कुछ महीने ही काम करती रही है बाकी समय लिफ्ट बंद रहती है। जिस कंपनी ने यह लिफ्ट लगाई है उस कंपनी से कोई भी अधिकारी न तो बात करने के लिए तैयार है न दबाव डालने के लिए तैयार है। यहां आने वाले तमाम नेता जनप्रतिनिधि, सांसद, विधायक भी आते जाते हैं लेकिन इस लिफ्ट जैसे महत्वपूर्ण कार्य को प्रारंभ कराने में उनकी कोई रुचि नहीं है जिसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है लोग परेशान हो रहे हैं, शासन का पैसा भी लगा है और उसका लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है इस पर ध्यान दिए जाने की जरूरत है।

## भंडारे का आयोजन किया गया

# माता शीतला का धूमधाम से जन्मोत्सव किया आयोजित



**अशोकनगर।** नईसरायं कस्बे के बीचो-बीच स्थित प्राचीन शीतला माता मंदिर पर शीतला अष्टमी के अवसर पर बुधवार को मां शीतला को बासोड़ा का भोग लगाया गया। इसके साथ ही माता रानी का जन्मोत्सव उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान मंदिर परिसर को दुल्हन की तरह सजाया गया। इसके अलावा शीतला माता का विशेष श्रृंगार किया गया साथ ही परिसर में भंडारा भी आयोजित किया गया व मंदिर में महिलाओं द्वारा फूलों व रंगों की होली खेली गई। शीतला माता मंदिर से क्षेत्र के हजारों भक्तों की आस्था जुड़ी है, मंदिर पर हर साल चैत्र मास की अष्टमी को शीतला माता का प्रकटोत्सव मनाया जाता है। इस दौरान माता का श्रृंगार किया जाने के साथ विशेष पूजा और आरती की जाती है। मंदिर के पुजारी राजाराम बैरागी ने बताया कि अष्टमी की सुबह शीतला माता का मंत्रोच्चार के साथ श्रृंगार किया गया। इसके बाद महा आरती की गई, आरती के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं अपने घरों से आरती की थाल सजाकर मंदिर पहुंची और महाआरती में हिस्सा लिया आरती के बाद भंडारा आयोजित किया गया जो देर शाम तक चलता रहा। इसके चलते महिलाओं ने माता को बासी भोजन का भोग लगाया, महिलाओं द्वारा पर्व के एक दिन पूर्व साफ-सफाई कर भोजन व अन्य सामग्री बनाकर पूजा अर्चना करते हुए अगले दिन माता रानी को बासोड़ा का भोग लगाया जाता है। इसके साथ ही रात्रि में भजन संध्या का कार्यक्रम भी किया जाएगा।

## करेरा में एचपीवी वैक्सीनेशन को लेकर सख्त निर्देश

# 14 से 15 वर्ष की सभी बालिकाओं को लगें टीके: एसडीएम निंगवाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ करेरा,

करेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एसडीएम अनुराग निंगवाल की अध्यक्षता में एचपीवी वैक्सीनेशन को लेकर ब्लॉक टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम निंगवाल ने निर्देश दिए कि 14 से 15 वर्ष की सभी बालिकाओं का शत-प्रतिशत एचपीवी वैक्सीनेशन समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए जल्द से जल्द लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करें।

बैठक में डब्ल्यूएचओ के डॉ. दीपेंद्र दुबे, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. नारायण सिंह कुशवाह, जनपद पंचायत करेरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत सूत्रकार, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक विनोद तिवारी, बीईओ मुकेश शर्मा, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, प्राचार्य धर्मेंद्र जैन सहित शासकीय व अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्य और अन्य सदस्य उपस्थित रहे।बैठक के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए डॉ. नारायण सिंह कुशवाह ने बताया कि एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमावायरस) एक सामान्य वायरस है, जो महिलाओं में गर्भाशय के सर्वाइकल कैंसर का कारण बन सकता है। उन्होंने बताया कि 14-15 वर्ष की बालिकाओं के लिए एचपीवी वैक्सीनेशन बेहद आवश्यक है, जिससे भविष्य में गर्भाशय कैंसर का खतरा काफी हद तक कम किया जा सकता है।

एसडीएम निंगवाल ने निर्देश दिए कि आशा कार्यकर्ता और संबंधित विभाग घर-घर जाकर लोगों को एचपीवी वैक्सीनेशन के प्रति जागरूक करें, ताकि कोई भी पात्र बालिका टीकाकरण से वंचित न रहे।

# आज सहराई में जिला स्तरीय युवा संसद का आयोजन होगा

### शासकीय महाविद्यालय सहराई में विकसित भारत संसद कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मध्यप्रदेश के अशोकनगर जिले में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में 13 मार्च को प्रातः 10:00 बजे से शासकीय महाविद्यालय सहराई में विकसित भारत संसद 2026 के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम का विषय आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय लोकतंत्र के महत्वपूर्ण ऐतिहासिक अध्याय आपातकाल के संदर्भ में चर्चा विचार विमर्श एवं तार्किक प्रस्तुति का अवसर प्रदान करेगा। जिला स्तरीय युवा संसद में जिले के सभी विद्यार्थी भाग ले सकेंगे जिन्होंने मैं भारत पोर्टल पर पंजीयन कराया है तथा साथ ही जिनकी आयु 18 से 25 वर्ष के बीच है। पत्र प्रतिभागी संसदीय प्रक्रिया की तर्ज पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे और लोकतांत्रिक मूल्यों पर सार्थक संवाद स्थापित करेंगे। इस मंच के माध्यम से युवा न केवल इतिहास की महत्वपूर्ण घटनाओं का विश्लेषण करेंगे बल्कि वर्तमान में लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाने के सुझाव भी प्रस्तुत करेंगे।

आयोजन का उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता, तार्किक चिंतन, अभिव्यक्ति कौशल, तथा संवैधानिक समझ का विकास करना है। आयोजन से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि विकसित भारत युवा सांसद 2026 का मुख्य उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। यह कार्यक्रम युवाओं को लोकतांत्रिक तरीके से अपने विचार रखने का सशक्त मंच प्रदान करेगा। इसमें 10 मार्च 2026 तक 185 युवाओं ने मैं भारत पोर्टल के माध्यम से पंजीयन कराया है। यहां से 05 प्रतिभागियो का चयन राज्य स्तरीय युवा संसद भोपाल विधानसभा हेतु किया जाएगा।

यह कार्यक्रम संस्था प्राचार्य डॉ अतुल गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए महाविद्यालय समिति का गठन किया गया है जिसमें संयोजक डॉक्टर अंजू सिहारे, सह संयोजक रविंद्र कुमार रितोरिया को दायित्व सौंपा गया है। रांची डॉक्टर गुप्ता ने बताया कि यह आयोजन युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक परंपराओं तथा संसदीय प्रणाली की कार्य प्रणाली से परिचित कराने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में गैस एजेंसी संचालकों की बैठक आयोजित

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में गैस एजेंसी संचालकों एवं कॉमर्शियल गैस कनेक्शनधारी उपभोक्ताओं (प्रतिष्ठापन संचालकों) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह,प्रभारी जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी प्राची शर्मा उपस्थित थे। कलेक्टर मालवीय ने निर्देश दिये कि वर्तमान परिस्थितियों में एलपीजी के विवेकपूर्ण उपयोग करने की आवश्यकता है। साथ ही कमर्शियल गैस सिलेण्डर के स्थान पर अन्य वैकल्पिक स्त्रोत विद्युत उपकरण (इंडक्शेन) डीजल भटटी, सौलर से चलने वाले उपकरणों के उपयोग हेतु प्रेरित किया जाएं। जिले में पेट्रोल/डीजल /सीएनजी एवं घरेलू गैस सिलेण्डरों उपलब्धता पर्याप्त है। एलपीजी की जमाखोरी एवं कालाबाजारी नहीं करने हेतु निर्देशित किया गया है।



## मंत्रोच्चारण के साथ हुआ अभिषेक एवं शांतिधारा

# भगवान आदिनाथ का मनाया जन्म कल्याणक एवं जन्माभिषेक महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना





प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का पावन जन्म कल्याणक एवं जन्माभिषेक महोत्सव श्रुततीर्थ श्रुत धाम में अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ बाल ब्रह्मचारी संदीप सरल भैया के मंगल सानिध्य में मनाया गया। इस पावन अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं बड़ी संख्या में मंदिर परिसर में उपस्थित होकर भगवान की आराधना में लीन दिखाई दिए। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकाल भगवान के जन्माभिषेक से हुई। भक्तों ने मंत्रोच्चारण के साथ भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा कर विश्व शांति और समस्त प्राणियों के कल्याण की मंगलकामना की। पूरे वातावरण में भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संचार अनुभव किया गया। इस अवसर पर धाम परिसर में स्थित मुक्ताकाश प्रांगण में श्रद्धालुओं की विशेष धर्मसभा आयोजित की गई। मुक्ताकाश स्थल श्रद्धालुओं के लिए ध्यान, साधना और धर्मचर्चा का महत्वपूर्ण केंद्र बन रहा है, जहां खुले आकाश के नीचे बैठकर भक्त आत्मचिंतन और आध्यात्मिक उन्नति का अनुभव करते हैं। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ ने मानव समाज को सभ्यता, श्रम, संयम और आत्मकल्याण का मार्ग दिखाया। उनका संदेश अहिंसा, सत्य, त्याग और संयम पर आधारित है, जो आज भी मानव जीवन के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है।

आरके जैन ने बताया मुक्ताकाश के महत्व पर प्रकाश डालते हुए संदीप सरल भैया जी ने बताया कि यह स्थान केवल एक प्रांगण नहीं, बल्कि मन की विशालता और आत्मा की पवित्रता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जब मनुष्य भगवान की शरण में बैठकर आत्मचिंतन करता है, तब उसके जीवन में शांति, संतुलन और आध्यात्मिक जागृति का मार्ग प्रशस्त होता है। श्रद्धालुओं ने आदिनाथ से प्रार्थना की कि उनका आशीर्वाद सदैव बना रहे। कार्यक्रम में उपस्थित प्रो. डॉ. अरुण प्रकाश बुखारिया, प्रमोद सर्राफ, राकेश ट्रांसपोर्ट, प्रदीप टडैया, राकेश वर्धमान, अंकित जैन उज्जैन, डॉ. वीरेंद्र सर्राफ, अरविन्द चौधरी, अरविन्द, संजय जैन पत्रकार, आलोक जैन, अशोक नाहर आदि अनेक श्रावक गण एवं श्रुततीर्थ श्रुतधाम में श्रुताराधना रत ब्रह्मचारीगण उपस्थित रहे।

## उत्पादक समूहों की कार्यशाला सह समीक्षा बैठक आयोजित

**अशोकनगर।** मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला अशोकनगर अंतर्गत अध्यक्ष जिला पंचायत अजय प्रताप सिंह की अध्यक्षता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन की उपस्थिति में बुधवार को जिले में स्व सहायता समूहों द्वारा गठित 25 उत्पादक समूहों की जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला सह समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कार्यशाला में डीडीएम नावार्ड मानिक मिश्रा, एलडीएम राजीव राय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अशोकनगर शैलेन्द्र यादव द्वारा सहभागिता की गई। कार्यशाला के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन द्वारा उत्पादक समूह की दीदियों को मार्गदर्शन देते हुए कहा गया कि विकासखंडों में अधिक से अधिक उत्पादक समूहों को प्रोत्साहित किए जाने की आवश्यकता है। विकासखण्डवार उत्पादक समूहों के द्वारा निर्मित उत्पादों का व्यारप प्रचार-प्रसार किया जाकर बैहतर बाजार उपलब्ध कराने के लिये जिला प्रशासन प्रतिवद्ध है।

बिजनेस साइट

## ऑल-कैप एफओएफ रणनीति के साथ बाजार कैप में डायवर्सिफाई करने का मौका

**ग्वालियर।** कई रिटेल निवेशकों के लिए, लॉन्ग-टर्म इक्विटी पोर्टफोलियो बनाना एक आसान सवाल से शुरू होता है: क्या मुझे स्थिरता के लिए लार्ज-कैप, ग्रोथ के लिए मिड-कैप या ज्यादा रिटर्न संभावनाओं के लिए स्मॉल-कैप चुनना चाहिए? इस दुविधा की वजह से अक्सर पोर्टफोलियो बंट जाते हैं और बार-बार स्विचिंग होती है। एक ऑल कैप एक्टिव फंड ऑफ फंड्स (एफओएफ) तीनों सेगमेंट को एक स्ट्रक्चर के तहत लाकर इस फैसले को आसान बनाने की कोशिश करता है।

एक डायवर्सिफाइड इक्विटी ऑल कैप एक्टिव एफओएफ लार्ज, मिड और स्मॉल-कैप कैटेगरी में कई इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश करता है। किसी एक सेगमेंट पर निर्भर रहने के बजाय, यह मार्केट-कैप स्पेक्ट्रम में एक्सपोजर फैलाता है, जिससे कंसंट्रेशन रिस्क कम करने और निवेश के सफर को आसान बनाने में मदद मिलती है। जब एक सेगमेंट खराब प्रदर्शन करता है, तो दूसरा उतार-चढ़ाव को कम करने में मदद कर सकता है। चूंकि मार्केट लीडरशिप समय के साथ बदलती रहती है, इसलिए बड़ा एक्सपोजर निवेशकों को अपने पोर्टफोलियो को लगातार अदला-बदली किए बिना अलग-अलग ग्रोथ फेज में हिस्सा लेने की सुविधा देता है।

जो चीज इस स्ट्रक्चर को लंबी अवधि के निवेशकों के लिए खास तौर पर रेलिवेंट बनाती है, वह है इसका फ्रेमवर्क-ड्रिवन एलोकेशन। फंड मैनेजर अलग-अलग वर्गों में मैक्रोइकोनॉमिक ट्रेंड, वैल्यूएशन और रिलेटिव मौकों का अंदाजा लगाते हैं और उसी हिसाब से एक्सपोजर को एडजस्ट करते हैं। यह सिस्टमैटिक रीबैलेंसिंग पोर्टफोलियो को बदलते मार्केट साइकिल के साथ तालमेल बनाए रखता है, साथ ही बार-बार निवेशक के दखल की जरूरत को कम करता है। एलोकेशन एक रिएक्टिव कॉल के बजाय एक अनुशासित प्रोसेस बन जाता है।



चेतन पाल
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, ग्वालियर

एक और बड़ा फायदा व्यवहारिक अनुशासन है। निवेशक अक्सर पिछले प्रदर्शन का पीछा करते हैं या गिरावट के दौरान घबरा जाते हैं। फंड के अंदर ही आबंटन और रीबैलेंसिंग को शामिल करके, एक ऑल कैप एक्टिव एफओएफ भावनात्मक फैसलों को कम करने और लंबे समय तक होल्डिंग पीरियड को बढ़ावा देने की कोशिश करता है। कई अंडरलाइंग फंड में एक्सपोजर अलग-अलग निवेश अंदाज, जैसे ग्रोथ, वैल्यू या कॉन्ट्रेरियन सोच को मिला सकता है, जिससे एक ज्यादा संतुलित और मजबूत पोर्टफोलियो बनता है। जो निवेशक लगातार चीजों को नजरअंदाज कर और साइकिल में स्वीकार्यता के साथ एक आसान, डायवर्सिफाइड इक्विटी चाहते हैं, उनके लिए एक ऑल कैप एक्टिव एफओएफ सस्टेनेबल वेल्थ क्रिएशन का समर्थन करने के लिए एक बेसिक लॉन्ग-टर्म रणनीति के तौर पर काम कर सकता है। इसलिए, निवेशक आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल डाइवर्सिफाइड इक्विटी ऑल कैप एक्टिव एफओएफ पर विचार कर सकते हैं, जो एक ओपन-एंडेड फंड ऑफ फंड्स है जिसका मकसद एक स्ट्रक्चर्ड इन-हाउस फ्रेमवर्क के जरिए सभी मार्केट कैप में सक्रिय तौर पर प्रबंधित इक्विटी स्कीम में निवेश का मौका देना है। बाजार की स्थितियों और उनके फ्रेमवर्क आकलन के आधार पर, फंड मैनेजर अपने आप एलोकेशन तय करते हैं। न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) 02 मार्च से 16 मार्च, 2026 तक निवेश के लिए खुला है।